‘कांडा महोत्सव’

चर्चा में क्यों?

23 दिसंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जनपद के कांडा में आयोजित ‘कांडा महोत्सव’ का दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- कांडा महोत्सव में मुख्यमंत्री द्वारा मेला समिति को 2 लाख तथा कांडा में सामुदायिक भवन के लिये 25 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। इसके अलावा ससोला में स्वीकृत एएनएम सेंटर के लिये धनराशि स्वीकृत करने तथा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडा में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिये अल्ट्रासाउंड एवं डायलिसिस की व्यवस्था करने की भी घोषणा की गई।
- तत्पश्चात् मुख्यमंत्री ने बागेश्वर के विधानसभा कपकोट के केदारेश्वर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा कपकोट एवं बागेश्वर क्षेत्र की 27,331.13 लाख रुपए की लागत की 89 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- विधानसभा कपकोट की 6843.03 लाख रुपए की लागत की 33 योजनाओं का लोकार्पण तथा 15632.94 लाख रुपए की 36 योजनाओं का शिलान्यास किया गया तथा विधानसभा बागेश्वर की 531.40 लाख रुपए की 4 योजनाओं का लोकार्पण तथा 4323.76 लाख रुपए की 16 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।
- मुख्यमंत्री द्वारा इसके पश्चात् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में 500 एमपीएल क्षमता वाले ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण तथा 20 बैड के चिकित्सालय भवन व मीटिंग हॉल का शिलान्यास किया गया।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उत्तराखंड जैसे युवा राज्य को आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार, उद्योग जैसे तमाम क्षेत्रों में हिंदुस्तान का नंबर वन राज्य बनाया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं, जिसके लिये कार्य किया जा रहा है। कपकोट क्षेत्र में जड़ी-बूटी की अपार संभावनाएँ हैं, इसलिये इस क्षेत्र को जड़ी-बूटी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। कपकोट में पॉलिटेक्निक के भवन निर्माण तथा सीएसडी कैंटीन के लिये आंकलन कर समाधान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kanda-festival